Statement

(a) Yes, Sir. BSNL and MTNL are planning to invest in WI-MAX infrastructure on pilot basis.

(b) MTNL is planning to invest Rs. One crore to deploy WI-MAX infrastructure in Delhi and Mumbai. BSNL has planned investment of about Rs. 1.8 crore on WI-MAX pilot pro ject planned in ten cities/towns.

(c) The services and applications that can be offered on WI-MAX technology are as follows:—

- High speed wireless access;
- Broadband services on wireless;
- Internet leased line connectivity;
- Public Switched Telephone Network (PSTN) Service;
- Backhaul to DSLAM which is used to provide broadband service to customer through the fixed line;
- Backhul to Wi-Fi Access Points.

श्री धर्मपाल सभ्रवाल: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बी॰ एस॰ एन॰ एल॰ की दस शहरों/नगरों के लिए डब्ल्युआई-एमएएक्स प्रायोगिक परियोजना पर लगभग 1.8 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, तो क्या इनमें कोई शहर या कस्बा पंजाब का कभी है? यदि है, तो उसका क्या नाम है? कृपया इन दस शहरों और कस्बों के नाम भी बताने की कृपा करें।

SHRI DAYANIDHI MARAN: Sir, I will send the specific details to the hon. Member.

श्री धर्मपाल सभ्रवाल: सभापति महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि इन दस शहरों के नाम क्या हैं? क्या इनके नाम भी बाद में बतायेंगे या साथ में ले करके आये हैं? मेरा यह छोटा- सा क्वेश्चन था कि सरकार यह पैसा कौन-से शहरों पर खर्च कर रही है?

SHRI DAYANIDHI MARAN: Right now we are doing in Delhi. The plan is for Delhi and Mumbai. We are planning for 10 more cities. As for the details of the cities, I will write to the hon. Member.

एम॰ सी॰ एल॰ द्वारा रीक्लेम की गई भूमि

*428. **श्री सुरेन्द्र लाठ:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विगत 10 वर्षों में कोयले के उत्खनन के बाद कितनी भूमि भराव एवं पटाव करके रीक्लेम की गई है;

(ख) महानदी कोलफील्ड्स लि॰, सम्बलपुर-उड़ीसा द्वारा विगत 10 वर्षों में ऐसी कितनी भूमि रीक्लेम की गई;

(ग) क्या एम॰ सी॰ एल॰ द्वारा रीक्लेम की गई भूमि का कोई दूसरा उपयोग किए जाने की संभावना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या उक्त भूमि को उसके मालिकों को देने पर सरकार विचार करेगी?

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा॰ दसारी नारायण राव): (क) से (ङ) एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) पिछले दस वर्षों में सुधार की गई कुल भूमि 14549.58 हेक्टेयर (कोल इंडिया लि॰ –11528.66 हेक्टेयर; सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लि॰ – 1561.42 हेक्टेयर; और नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि॰ –1459.50 हेक्टेयर) है।

(ख) पिछले दस वर्षों के दौरान महानदी कोलफील्ड्स लि॰ ने 1768 हेक्टेयर भूमि का सुधार किया है।

(ग) और (घ) जी, हां। हरित पट्टी को बढ़ाने तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए सुधार की गई भूमि पर पौधरोपण कार्य किया जाता है। इसके अलावा, झीलें बनाई जाती हैं जो सिंचाई के लिए जल स्रोत, घरेलू उपयोग और पास-पड़ोस में मत्स्य पालन जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं।

(ङ) इस समय उक्त भूमि उसके पूर्ववर्ती भूस्वामियों को देने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Land reclaimed by MCL

†*428. SHRI SURENDRA LATH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the land reclaimed after levelling and filling where mining of coal had been done in the last ten years in the country;

(b) the land thus reclaimed in the last ten years by Mahanadi Coalfields Ltd. at Sambalpur, Orissa;

(c) whether the land reclaimed by MCL is likely to be used for some other purpose;

(d) if so, the details thereof; and

†Original notice of the question was received in Hindi.

(e) if not, whether Government would consider to give the said land to its owners?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COAL (DR. DASARI NARAYANA RAO): (a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Total land reclaimed in the last ten years is 14549.58 Ha..(Coal India Limited—11528.66 Ha; Singareni Collieries Co. Ltd.—1561.42 Ha; and Neyveli Lignite Corporation Ltd.—1459.50 Ha.)

(b) The land reclaimed by Mahanadi Coalfields Ltd. in the last 10 years is 1768 Ha.

(c) and (d) Yes, Sir. Plantation work is done over the reclaimed land for increasing green cover and protection of environment. Further, lakes are created which provide facilities as water source for irrigation, domestic use and pisciculture in the neighbourhood.

(e) At present there is no proposal to give the said land to its earlier owners.

श्री सुरेन्द्र लाठः धन्यवाद सभापति महोदय। मंत्री महोदय जी ने जो उत्तर दिया है उसमें कहा है कि एम॰सी॰एल॰ में 1768 हैक्टेयर जमीन में इन्होंने रीक्लेमेशन किया है, हरित पट्टी बनाने का काम किया है। मंत्री महोदय ने शायद उस क्षेत्र का दौरा नहीं किया है, अगर वे वहां जायें तो मालूम पड़ेगा कि किस ढंग से रीक्लेमेशन किया जा रहा है वह केवल ऑन पेपर्स में हो रहा है, कहीं भी ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है समय बहुत कम है, इसलिए मंत्री जी मैं आपसे जानकारी लेना चाहता हूं कि open cast mining के बाद जो वेस्ट निकलता है, इसको बाहर फेंक देते हैं इससे जो कृषि भूमि है, उसको नुकसान होता है, पर्यावरण पर भी इसका बहुत असर पड़ता है एवं जल स्रोत में भी कमी आती है। इसको सुधारने के लिए क्या मंत्री महोदय कोई अलग योजना है या कोई कार्यक्रम लिया है?

DR. DASARI NARAYANA RAO: Sir, as per the norms of the Ministry of Environment and Forests, on the reclaimed land, afforestation should be created. The hon. Member is quite aware—both of us visited the Neyveli Lignite Corporation—that wonderful afforestation and lakes have been created there. He was very happy...

श्री सुरेन्द्र लाठः सर, यह नवेली में है, एम॰सी॰एल॰ में नहीं है।

DR. DASARI NARAYANA RAO: I am coming to that. I have visited other places as well. So, as the hon. Member says, I will also visit the MCL. I will see; if whatever the Member says is right, we will, definitely, take it up for consideration.

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.